आदिवासियों का राष्ट्रीय स्तर पर संगठन जरूरी : मेश्राम

शहडोल में मूल निवासी एकता महासम्मेलन का आयोजन

शहडोल, देशबन्धु। राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद, भारत मुक्ति मोर्चा एवं राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा जननायक बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर रविवार को मूल निवासी एकता महासम्मेलन का आयोजन किया गया। शहडोल के मानस भवन में आयोजित इस महासम्मेलन की अध्यक्षता भारत मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष वामन मेश्राम को करनी थी, लेकिन स्वास्थ्य सही न होने के कारण वह महासम्मेलन में शामिल नहीं हो सके। इस दौरान उन्होंने महासम्मेलन को मोबाइल फोन से संबोधित किया, जिसे वहां उपस्थित लोगों ने बड़ी गंभीरता से सुना।

महासम्मेलन को संबोधित करते हुए वामन मेंश्राम ने कहा कि कांग्रेस और भाजपा दोनों ही आदिवासियों की विरोधी हैं, इसलिए अब आदिवासी समाज को एकजुट होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि आदिवासियों के साथ पहले भी अन्याय होता रहा है और आगे भी होता रहेगा। इसे रोकने का सिर्फ एक ही तरीका है, कि आदिवासियों का राष्ट्रीय स्तर पर संगठन का निर्माण करना जरूरी है और इसमें आदिवासियों के नौजवानों को भी जोड़ना होगा।

भारत मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मेश्राम ने कहा कि यदि हम ऐसा करते हैं तो प्रबल मुकाबला करने के लायक बन सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हम लोगों को अब दूसरों के ऊपर निर्भर नहीं रहना चाहिए और यही कारण है कि हम जन जागरण चला रहे हैं।

महासम्मेलन को राम सागर मीना, एच एल रैकवार, आर एल सोनी, प्रोफेसर विलास खरात, रामगोपाल सिंह नेताम, कमल सिंह, आर पी साहू, पी डी रावत, रणजीत सिंह धुर्वे, मोहम्मद इमरान सिद्दीकी, राजेश अहिरवार, दिनेश कुमार सिंह धुर्वे, कुमारी आरुषि गजभिए और अनामिका सिंह सहित मंचासीन कई अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने समाज के लोगों से एकजुट होने की अपील की। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सरमन पटेल ने कार्यक्रम का संचालन किया। महासम्मेलन में बड़ी संख्या में मूल निवासी उपस्थित रहे।

महासम्मेलन में वन संरक्षण संशोधन अधिनियम 2023, आदिवासियों को दिए गए संवैधानिक विशेष अधिकार, वन अधिकार, ग्राम सभाओं, पांचवी अनुसूची, पेसा एक्ट और ओबीसी की जाति जनगणना के संबंध में भी चर्चा की गई।

जिला कांग्रेस कमेटी की विभिन्न मुद्दों को लेकर बैठक संपन्न

पन्ना, देशबन्धु। पिन्ना जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना की बैठक कमेटी के अध्यक्ष शिवजीत सिंह की अध्यक्षता में एवर साईन गार्डन में संपन्न हुई, उक्त बैठक में जिले भर के पदाधिकारी, तथा कार्यकर्ता शामिल हुए, बैठक के दौरान अनेक मुद्दो पर चर्चा की गई। इस दौरान बताया गया कि, आगामी 19 नवम्बर को संविधान के निर्माता डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की मूर्ती के सामने पूरे प्रदेश में धरना कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, उक्त कार्यक्रम पन्ना जिला मुख्यालय में भी किया जायेगा। ज्ञात हो कि मध्य प्रदेश के बुधनी तथा शिवपुर में मतदान के दौरान सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर हिंसक घटनाए हुई तथा मतदाताओ को मतदान करने से रोका गया, शिवपुर में बाबा साहेब की मुर्ती को तोड़ा गया, तथा अपमान किया गया। इस लिए कांग्रेस प्रदर्शन कर रहीं है। तत्पश्चात् जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा संगठन विस्तार के संबंध में चर्चा की गई, तथा निर्माणाधीन कांग्रेस कार्यालय के निर्माण के संबंध में सभी कार्यकर्ताओं से सहयोग की अपेक्षा की गई, इस दौरान उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा अपने स्तर से सहयोग तत्काल किया गया तथा हर संभव सहयोग करने की बात कहीं गई। बैठक में अनेक लोग उपस्थित रहें। जिसमें मुख्य रूप से पूर्व विधायक महेन्द्र बागरी, देवेन्द्र सिंह यादव, जीवन लाल सिद्धार्थ, मार्तण्डदेव बुन्देला, शनमत जैन, गुड्डा खान, भूपेन्द्र सिंह परमार आदि।

सार-समाचार

सरपंच -उप सरपंच ने ली भाजपा की सदस्यता

उमरिया, देशबन्धु। उमरिया जिले के नौरोजाबाद मंडल में भाजपा संगठन पर्व के दौरान ग्राम पंचायत कल्दा शक्ति केंद्र की बैठक मण्डल अध्यक्ष योगेश द्विवेदी जी के नेतृत्व एवं कुशल निदेशन में संगठन पर्व का आयोजन किया गया । बताया जाता है कि शक्ति केंद्र के सहयोगी प्रभारी व भाजपा मण्डल उपाध्यक्ष शुभम मिश्रा द्वारा इस अवसर पर ग्राम पंचायत कल्दा के सरपंच ज्ञान सिंह उपसरपंच बिछिया गांव के मोहन सिंह, कलम सिंह, इंद्रभान सिंह ने इस पर्व के दौरान कांग्रेस राष्ट्रीय दल की सदस्यता छोड़ भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली । बैठक मे मनोज सिंह जी दरिया सिंह, लालू नायक, लच्छू सिंह ,वीर सिंह , दयाल सिंह, इंद्रपाल सिंह ,रोहन सिंह ,ललन तिवारी जी सहित समस्त शक्ति केंद्र के भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

एनसीपी के अजय शुक्ला अध्यक्ष नियुक्त

शहडोल, देशबन्धु। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उपमुख्यमंत्री महाराष्ट्र अजीत पवार और राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल की अनुशंसा पर मध्य प्रदेश के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पवार द्वारा शहडोल मुख्यालय के युवा समाजसेवी अजय शुक्ला सोलू, को शहडोल संभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अजय शुक्ला की इस नियुक्ति पर संभाग के तीनों जिलों के कार्यकर्ताओं के साथ इष्ट मित्रों ने बधाई दी है। नवनियुक्त संभागीय अध्यक्ष अजय शुक्ला जल्द ही तीनों जिलों में दौरा करेंगे।

उमरिया में अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर

हादसे में दो युवक घायल

उमरिया, देशबन्धु। उमरिया जिले के बिरसिंहपुर पाली थाना क्षेत्र में एनएच 43 में अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी।

जिसमें बाइक सवार दो युवकों गंभीर घायल हो गए। उनका शहडोल में इलाज चल रहा है।

शनिवार रात विष्णु (25) पिता मोती सिंह मुदरिया निवासी और लोकचंद सिंह गोंड (32) पाली से वापस अपने घर जा रहे थे। दोनों युवक पाली बाजार आए हुए थे। एन एच 43 में जीरो ढाबा के पास अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। बाइक सवार दोनों युवकों को पाली अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को शहडोल रेफर कर दिया गया। रविवार को थाना प्रभारी बिरसिंहपुर पाली मदन लाल मरावी ने बताया अज्ञात वाहन ने दोपहिया को टक्कर मार दी। वाहन की तलाश और जांच की जा रही है।

खेत से पकड़ा सोलह लाख का गांजा

पन्ना, देशबन्धु। धरमपुर पुलिस थाना प्रभारी बलबीर सिंह द्वारा धरमपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गडरियन पुरवा ग्राम से ज्वार तथा अरहर के एक खेत में गांजा की खेती की जा रहीं थी, जिसकी सूचना थाना प्रभारी को मिलने पर संबंधित स्थान पर पंहुचकर कार्यवाही की गई है, जिसमें आरोपी भरोसा अहिरवार उम्र 65 वर्ष के खेत में भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ गांजा की खेती की जा रहीं थी। पुलिस द्वारा संबंधित स्थान पर पंहुचकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया तथा खेत में छोटे बड़े 586 गांजे के हरे पौधे बरामद किये गये। उक्त गांजे की कीमत तीन क्वींटल पैतिस किलो आंकी गई तथा सोलह लाख पैसठ हजार की जप्ती बताई गई। पुलिस नें आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही में सउनि विक्रम सिंह, सउनि रावेन्द्र सिंह, सउनि प्यार खां, प्र.आर. अशोक कुमार, जीतेन्द्र मिश्रा, शिवचरन प्रजापति, प्रदीप हरदेनिया, आर. अजय पटेल, अमित यादव, अजीत यादव, ब्रजेश कुमार, रामलखन पटेल, कमलेश प्रजापति, रामनिवास, राकेश बघेल, दीपक सोनकिया महिला आर. सविता, सीमा यादव एवं आर.चालक अखिल शुक्ला की सराहनीय योगदान रहा।

ब्यौहारी के कई गांव में जंगली हाथियों का उत्पात

शहडोल, देशबन्धु। ब्यौहारी वन परिक्षेत्र के कई गावों में जंगली हाथियों का झुंड पिछले कई दिनों से उत्पात मचा रहा है, जिससे लोगों में काफी आक्रोश है। घर में रखी फसल को भी हाथी चौपट कर रहे हैं, घरों के सामने लगी बाड़ी को भी हाथियों ने तोड़ दिया।

शहडोल में ब्यौहारी वन परिक्षेत्र के कई गावों में जंगली हाथियों का झुंड पिछले कई दिनों से उत्पात मचा रहा है, जिससे लोगों में काफी आक्रोश है। घर में रखी फसल को भी हाथी चौपट कर रहे हैं, घरों के सामने लगी बाड़ी को भी हाथियों ने तोड़ दिया है।

ब्यौहारी के आखेटपुर, सर्वाही, बोचरो और बनासी में पिछले 10 दिनों से 20 जंगली हाथियों का झुंड उत्पात मचा रहा है, जिससे अब ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखने को मिल रहा है। आखेटपुर के रहने वाले भीमसेन ने बताया कि शनिवार आठ बजे हाथियों का झुंड उनके घर पहुंचा और घर के सामने लगी बाड़ी को तोड़फोड़ करते हुए घर के आंगन में रखी कई कुंटल धान को हाथी खा गए और बची हुई धान को नष्ट कर आगे बढ़ गए, जिससे किसान का काफी नुकसान हुआ है।

उसका कहना है कि कड़ी मेहनत के बाद धान की फसल पकी और उसे गहाई कर आपने आंगन में रखा था। तभी हाथियों ने उसे पूरा बर्बाद कर दिया। यह भी बताया गया कि बोचरो और बनासी गांव में खेतों की सिंचाई के लिए किसानों ने पंप के पाइप बिछा रखे थे, जिसे हाथियों के झुंड ने तोड़ दिया है।

डाइट में शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

अंग्रेजी के शिक्षकों को टीचिंग के दिए गए टिप्स

शहडोल, देशबन्धु। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट में शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित हुआ। राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के आदेशानुसार एवं प्राचार्य डाइट रमाशंकर गौतम के मार्गदर्शन में माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 6 से 8 मे अंग्रेज़ी पढा रहे 70 शिक्षक इस प्रथम चरण के पांच दिवसीय प्रशिक्षण में शामिल हुए। इसमें शहडोल जिले के पांचों ब्लॉक से आए हुए शिक्षको ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। यह प्रशिक्षण प्रति दिवस सुबह 5ः30 से प्रारंभ होकर शाम 5ः30 तक संचालित किया जाता था। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य अंग्रेजी विषय मे गुणवत्ता सुधार करना है।

डाइट के प्राचार्य रमाशंकर गौतम ने बताया कि इस प्रशिक्षण की विषय वस्तु क्लास रूम इन्टरेक्शन, अंण्डर स्टैडिग इंग्लिश टेस्ट बुक, टीचिंग वोकैबलरी, टीचिंग रीडिंग कंप्रिहेन्सन, प्रोज एव पोयम टीचिंग एवं अन्य गतिविधियो के द्वारा कैसे अपनी कक्षा को कैसे आनंदमय बनाया जाए इस पर चर्चा की गई।

प्राचार्य डाइट श्री गौतम ने सभी शिक्षको को बताया कि सभी शिक्षक शिक्षण व्यवस्था के आधारभूत है, आप पाठ योजनानुसार सहायक शिक्षण सामग्री के उपयोग से शिक्षण कराएगे तो आपकी कक्षा मे सकारात्मक प्रभाव पडेगा। प्रशिक्षण पूर्ण रूप से आवासीय था। जिसमें भोजन, चाय और नाश्ते की व्यवस्था प्रशिक्षण स्थल पर ही की गई थी। प्रशिक्षण प्रभारी अनिल श्रीवास्तव, प्रशिक्षण समन्वयक सुमा राय, मास्टर ट्रेनर्स संम्पूर्णा शुक्ला, पवन श्रीवास्तव, शशीकान्त मिश्रा, सर्वेस श्रीवास्तव द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण मे डाइट से श्रीमती अभिलाषा मिश्रा, डॉ. प्राची भटनागर, पुष्पेन्द्र तिवारी, अनामिका मिश्रा, केदार मिश्रा ने सहयोग प्रदान किया।

छात्रावास से लापता बच्चों को पुलिस ने किया दस्तयाब

काउंसलिंग कर पता लगाया जा रहा भागने का कारण

उमरिया, देशबन्धु। उमरिया जिले में स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालक छात्रावास में 13 साल के चार बच्चों के अचानक लापता हो गए थे। घटना की जानकारी मिलते ही छात्रावास अधीक्षक ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए चारों बच्चों को सुरक्षित खोज निकाला। अब उनकी काउंसलिंग जारी है।जानकारी के अनुसार, गुरुवार को छात्रावास के चार बच्चे स्कूल के लिए निकले थे, लेकिन वे वापस नहीं लौटे । बच्चों के लापता होने की खबर ने जिले में हलचल मचा दी। सूचना मिलते ही एसपी निवेदिता नायडू ने मामले को गंभीरता से लेते हुए

कार्रवाई शुरू की। सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, जिससे पता चला कि एक बच्चा उमरिया में ही मौजूद है, जबकि बाकी तीन बच्चे कटनी की ओर जा रहे थे।

जिसके बाद तुरंत एक बच्चे को सुरक्षित बरामद कर लिया गया, जबकि तीन अन्य बच्चों की तलाश जारी थी। इसके बाद कटनी रेलवे स्टेशन से बाकी तीनों बच्चों को भी सुरक्षित पकड़ लिया गया। सभी बच्चों का मेडिकल चेकअप कराया गया है और उन्हें बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया है, जहां उनकी काउंसलिंग की जा रही है।

हालांकि, अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि बच्चों ने ऐसा कदम क्यों उठाया और वे भागने में कैसे सफल हुए। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है, लेकिन अभी तक बच्चों के भागने के पीछे की वजह सामने नहीं आ सकी है। बच्चों की मानसिकता और उनकी स्थिति का पता लगाने में समय लगेगा।

आवासीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण विद्यालय खोले जाने की मांग

शहडोल, देशबन्धु। मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय कोल जनजाति विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल ने जनजातीय गौरव दिवस समारोह में शहडोल पहुंचे मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को एक मांग पत्र सौंपा है, जिसमें आवासीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण विद्यालय (केन्द्र) संचालित कराए जाने की स्वीकृति प्रदान किए जाने की मांग की गई है।

मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय कोल जनजाति विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को सौंपे गए मांग पत्र में उल्लेख किया है कि

शहडोल संभाग पूर्णतः आदिवासी बाहुल्य- संभाग है। यहाँ के जनजाति/आदिवासी छात्र-छात्राएँ आर्थिक तंगी के कारण विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाएं मप्र राज्य लोक सेवा, एसएस.सी, रेल्वे लिपिक एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु राज्य के बड़े शहरों जैसे इन्दौर जबलपुर, रीवा, भोपाल नहीं जा पाते हैं, जिससे विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल नहीं हो पाते जिससे शिक्षित जनजाति/आदिवासी युवक-युवतियों बेरोजगार हो जाते हैं। यदि अन्य महानगरों की भांति संभागीय मुख्यालय शहडोल में राज्य लोक सेवा प्रतियोगी परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण विद्यालय आवासीय स्थापना की स्वीकृति प्राप्त हो जाने से संभाग के गरीब जनजाति/आदिवासी छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण (कोचिंग) का लाभ मिलेगा और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करेंगे।

अतः संभागवासियों के बहुप्रतीक्षित मांग अनुसार संभागीय मुख्यालय शहडोल में अनुसूचित जाति/जनजाति विभाग अन्तर्गत पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण विद्यालय (आवासीय सौ सीटर) खोले जाने की स्वीकृति प्रदान करें।

हाथियों को मारने के लिए फसल में मिलाया था माइकोटाक्सिन, जिसके खाने से हुई 10 की मौत

उमरिया, देशबन्धु। उमरिया के बांधवगढ़ में फसल में मिलाए गए माइकोटाक्सिन खाने से ही 10 हाथियों की मौत हुई थी। माइकोटाक्सिन फंगस से बनने वाले विषैले यौगिक होते हैं, जो मानव के लिए भी घातक है। कुछ दिन बाद छोटा जंगली हाथी किसी वस्तु को खाने से बीमार हुआ था उसके शरीर में कंपन हो रहा था।

कोदो खाने से लखनौटी और रोहनिया गांव में 22 भैंसे भी हुई थीं बीमार- बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व के अंतर्गत लखनौटी और रोहनिया गांव में 22 भैंस कोदो की फसल खाने से बीमार हो गई हैं। शासकीय पशु चिकित्सक ने मौके पर पहुंच कर इलाज किया था।

हाथी मृत्यु की घटनाओं के बाद बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व प्रबंधन भी अलर्ट मोड़ पर आ गया- अभी हाल ही में हुई हाथी मृत्यु की घटनाओं के बाद बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व प्रबंधन भी अलर्ट मोड़ पर आ गया है और अपने स्टाफ से मवेशियों की निगरानी कराई जा रही है और सैंपल गए थे। बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व के अंतर्गत लखनौटी और रोहनिया गांव में 22 भैंस कोदो की फसल खाने से बीमार हो गई हैं। शासकीय पशु चिकित्सक मौके पर पहुंच कर इलाज कर रहे हैं।

हाथी के आने की खबर से आसपास के गांव भी सतर्क- जंगली हाथियों के चंदिया में आने के बाद से वन अमला अलर्ट है।,पार्क प्रबन्धन व वन विभाग रेगुलर संयुक्त रूप से हाथियों की निगरानी कर रहे हैं। हाथी के आने की खबर से आसपास के गांव भी सतर्क हैं। मध्य प्रदेश के जंगलों से हाथियों को पकड़ने के विरोध में हाई कोर्ट में लगी एक याचिका का जवाब देते हुए सरकार की तरफ से पेश किए गए जवाब में बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने जंगल से पकड़े गए दोनों हाथियों को छोड़ने की बात कही है। दोनों हाथियों को रेडियो कॉलर लगाकर छोड़ जाएगा।

सचिवों के लिए जिला पंचायत से बरसती कृपा

आखिर कार कब होगी गबन कर्ताओं से करोड़ों रूपयों की वसूली

उमरिया, देशबन्धु। उमरिया जिला पंचायत में भ्रष्टाचार की बहती गंगा में जिला पंचायत में बैठे बाबूओं से लेकर ग्राम पंचायत तक के सचिव और रोजगार सहायक डूबकी लगाते देखें जा रहे हैं फिर भी उन पर वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी इस प्रक्रिया में प्रभावी रोक लगाने में असफल नजर आ रहे हैं । गबन कर्ताओं के ऊपर वैधानिक कार्यवाही न होने से भ्रष्टाचार परत दर परत चढ़ता दिखाई दे रहा है । यही वजह है कि जिले के सैकड़ों सचिवों पर ग्राम पंचायतों में हुए घोटाले और घटिया हीन कार्यों में दोषी पाए जाने के बाद करोड़ों रुपयों की धनराशि वसूली योग्य होने के बाद भी ख़यानत सुदा राशि की वसूली नहीं हो पाती । बताया जाता है कि शासकीय धन राशि को जमा करने की विधि वत नोटिस जारी कर घोटाले बाजों को जमा करने के आदेश जिला मुख्य कार्यपालन अधिकारी के व्दारा प्रसारित किये जातें हैं , लेकिन इन फाइलों को आगे बढ़ाने वाले कतिपय बाबूओं के व्दारा फिर उन फाइलों को अधिकारियों की आंखों से ओझल कर दिया जाता है । ऐसे कई मामले वर्षों से जिला पंचायत की बोतल में जिन्न की भांति बंद है , जो इन बाबूओं की नियमित कमाई का जरिया बना हुआ है , और घोटाले बाज सचिव पूरी संजीदगी के साथ ग्राम पंचायतों का दोहन दुगनी गति से करते दिखाई देते हैं । ऐसा ही एक संवेदनशील मामला उमरिया जिले के करकेली जनपद पंचायत की उजान ग्राम पंचायत का वर्ष 2015-16 से लंबित बताया जा रहा है । जिसमें शौचालय निर्माण में सचिव व्दारा घोटाला करते हुए तकरीबन ग्यारह लाख रुपए की राशि का गोल माल कर हड़प ली गई है ।।इस शासकीय धन राशि के बड़बड़ झाले की शिकायत हुई और प्रशासन के व्दारा जांच कर वस्तुस्थिति का अंदाजा लगाया गया, जिसमें दोषी पाये जाने पर ग्राम पंचायत के संबंधित सचिव संतोष कुमार तिवारी को तत्कालीन जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुग्रह पी के व्दारा अपने पत्र क्रमांक 12408 दिनांक 04-1-16 के व्दारा निलंबित करते हुए उक्त राशि को जमा करने के निर्देश प्रसारित किये गये थे , लेकिन उक्त धन राशि को आज दिनांक तक जमा न हो पाना और संबंधित सचिव को दोबारा बहाल कर पंचायत के तिजोरी की चाबी पकड़ा कर शासकीय धन राशि के शवारे न्यारे करने का सुनहरा अवसर दिया गया है । ऐसा नहीं की यह असलियत वर्तमान में जिला पंचायत की कुर्सी पर बैठे जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से छिपी हुई है इनके व्दारा भी उक्त धन राशि को जमा करने के निर्देश दिए गए थे, जमा न करने और उनके अदालत में उपस्थित न होने पर उन्होंने गिरफ्तारी वारंट जारी कर पेश करने के भी निर्देश जारी किए गए थे,जिस आदेश को जारी किए तीन महीने बीत चुके हैं लेकिन इस आदेश का भी एक रत्ती पालन नहीं हुआ, न जाने इन सक्षम अधिकारियों के हाथ बंधे हुए क्यों है ।यह कोई पहला मामला नहीं है इस तरह के अनेकों मामले जिला पंचायत की फाइलों में कैद हैं और यहां पर वर्षों से कुर्सियों पर बैठे बाबूओं के व्दारा इस तरह कहर ढाया जा रहा है । अपेक्षा है कि जिला पंचायत के मुखिया अपने आदेशों को पालनार्थ आवश्यक कदम उठायेंगे ।